गुरुवार
30 नवंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



गवाही देने पर ग्रामीण को पीटा, पुलिस पर रोड़ेबाजी कर मुखिया प्रतिनिधि को छुड़ाया

2



## खबरें फटाफट

### पटना में मेट्रो के लिए प्रशासन ने तोड़े 40 घर, लोगों में आक्रोश

**पटना।** राजधानी पटना में मेट्रो निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी कड़ी में पटना सिटी के अगमकुआं थाना क्षेत्र के पहाड़ी के बैरिया इलाके में मैट्रो यार्ड बनाने के नाम पर 40 आशियाना तोड़ा गया है। वहीं इस घटना से लोगों में आक्रोश देखने को मिला। नाराज लोगों ने हंगामा किया। साथ ही सरकार और प्रशासन पर जबरन आशियाना तोड़ने का आरोप लगाया। पीड़ित लोगों का कहना है कि जमीन अधिग्रहित करने के विरोध में लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर किया। जिसका फैसला महज 15 दिनों में आना है। ऐसे में प्रशासन बिना फैसला का इंतजार किए कार्रवाई कर रही है। पीड़ित लोगों ने बताया कि बिना नोटिस और मुआवजा दिए बुलडोजर चला दिया गया।

# मजदूरों को टाइम पास करने के लिए लूडो, ताश और शतरंज भेजे गए थे सुरंग के अंदर

## उत्तरकाशी टनल हादसा

- 12 नवंबर से फंसे सभी 41 मजदूरों को अथक प्रयास के बाद मंगलवार की देर शाम सकुशल बाहर निकाला गया
- सरकार ने बाद में मजदूरों तक फोन भी भिजवाया ताकि वह अपने घरवालों से बात करते रहें

**एजेंसी/देहरादून**



उत्तराखंड की उत्तरकाशी में सिल्क्यारा टनल में 12 नवंबर से फंसे सभी 41 मजदूरों को अथक प्रयास के बाद मंगलवार की देर शाम सकुशल बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू टीमों ने रैट होल माइनिंग और सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग कर मजदूरों को एक पाइप के जरिए बाहर निकाला। बाहर निकले मजदूरों ने सुरंग में फंसने की कहानी बयां की। उन्होंने बताया कि 12 नवंबर को भी रोजाना की तरह सभी यहां काम कर रहे थे। सुबह 5:30 बजे अचानक भूस्खलन होने लगा। इस दौरान कई मजदूर बाहर निकल गए। फिर अचानक निमार्णाधीन टनल का 60 मीटर हिस्सा धंस गया और 41 मजदूर सुरंग के अंदर फंसे रह गए। सभी मजदूर सिलक्यारा छोर से अंदर गए थे। अंदर फंसे मजदूरों को तनावमुक्त रखने के लिए बाहर से प्रशासन ने कई तरीके अपनाए। मजदूरों को टाइम पास करने और उन्हें व्यस्त रखने के लिए लूडो, ताश और शतरंज सुरंग के अंदर भेजे गए थे। मजदूरों को तनाव मुक्त रखने के लिए उन्हें योग करने की सलाह दी गई। सरकार ने मजदूरों तक फोन भी भिजवाया ताकि वह अपने घरवालों से बात करते रहें। शनिवार को मजदूरों के पास गेम खेलने के लिए मोबाइल भी भेजे गए थे, ताकि वह खुद को तनावमुक्त रख सकें।

### शुरूआती 10-15-20 घंटे काफी मुश्किल रहे

न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में विश्वजीत ने बताया, जब सुरंग धंसी और मलबा गिरा तो हम समझ गए थे कि अंदर फस गए हैं। शुरूआती 10-15-20 घंटे काफी मुश्किल रहे, लेकिन जब बाद में हमारे पास तक पाइप डाल दी गई, उसमें काजू किशमिश बादाम मिलता था तो धीरे-धीरे सब कुछ ठीक होने लगा। बाद में उसमें माइक इंस्टॉल की गई, जिसके जरिए हम लोग अपने परिवार से बात करते थे।

विश्वजीत ने कहा कि उसी पाइप से बाद में चावल दाल और ड्राई फ्रूट भी मिलने लगे। सुरंग के अंदर से हम लोगों की अपने परिवार से बात कराई जाती थी। इसलिए कोई दिक्कत नहीं हुई। विश्वजीत कहते हैं, अब मैं खुश हूं। दिवाली तो फिर कभी मना लेंगे। कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार बचाव अभियान पर नजर रख रहे थे। हमारे झारखंड के मुख्यमंत्री ने भी सारी व्यवस्था की थी।

### ये 41 मजदूर फंसे थे सुरंग में

| | | |
|---|---|---|
| गब्बर सिह नेगी, उत्तराखंड | राम मिलन, यूपी | विशेषर नायक, ओडिशा |
| सबाह अहमद, बिहार | सत्यदेव, यूपी | राजू नायक, ओडिशा |
| सोनु शाह, बिहार | सन्तोष, यूपी | महादेव, झारखंड |
| मनिर तालुकदार, प. बंगाल | जय प्रकाश, यूपी | मुदतू मुर्म, झारखंड |
| सेविक पखेरा, प. बंगाल | राम सुन्दर, उत्तराखंड | धीरेन, ओडिशा |
| अखिलेष कुमार, यूपी | मंजीत, यूपी | चमरा उरॉव, झारखंड |
| जयदेव परमानिक, प. बंगाल | अनिल बेदिया, झारखंड | विजय होरो, झारखंड |
| वीरेन्द्र किसकू, बिहार | श्राजेद्र बेदिया, झारखंड | गणपति, झारखंड |
| सपन मंडल, ओडिशा | सुकराम, झारखंड | संजय, असम |
| सुशील कुमार, बिहार | टिकू सरदार, झारखंड | राम प्रसाद, असम |
| विश्वजीत कुमार, झारखंड | गुनोधर, झारखंड | विशाल, हिमाचल प्रदेश |
| सुबोध कुमार, झारखंड | रनजीत, झारखंड | पुष्कर, उत्तराखंड |
| भगवान बत्रा, ओडिशा | रविन्द्र, झारखंड | दीपक कुमार, बिहार |
| अंकित, यूपी | समीर, झारखंड | |

**सुरंग में रोज टहलते थे मजदूरः** बिहार के आरा के रहने वाले मजदूर सबा अहमद ने फोन पर पीएम नरेंद्र मोदी से बात की। उन्होंने बताया कि सुरंग के अंदर सारे लोग एक साथ रहते थे, एक साथ खाना खाते थे और सुबह में टहलते थे। सुरंग के अंदर की जगह करीब ढाई किमी लंबी थी, जिसमें मॉर्निंग वॉक किया जाता था। समय पर व्यायाम होता था और किसी को भी कोई समस्या होती थी तो सब मिलकर इसका समाधान करते थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इन सभी का धैर्य बनाए रखने के लिए आभार जताया है।

## शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिया जवाब

# ये डबल इंजन की सरकार है, ये कहती नहीं करके दिखाती है: योगी

- डेंगू के मुद्दे पर अखिलेश यादव को दिया करारा जवाब
- मुख्यमंत्री ने कहा- आपकी समस्या हर मुद्दे का राजनीतिकरण करके समाज में अव्यवस्था पैदा करना है

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन डेंगू पर विपक्ष के सवालों का सीएम योगी ने करारा जवाब दिया। खासकर उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के संबंध में जो वक्तव्य दिया गया है तो याद रखना कि ये डबल इंजन की सरकार है, ये कहती नहीं बल्कि करके भी दिखाती है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकारी अस्पतालों में लोगों को डेंगू का इलाज नहीं मिल रहा और लोग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए मजबूर हैं। नेता प्रतिपक्ष और सपा विधायकों के सवालों का जवाब डिप्टी सीएम और हेल्थ मिनिस्टर ब्रजेश पाठक दे रहे थे। विपक्षी विधायकों के शोर-शराबे के बीच सीएम योगी खड़े हुए और उन्होंने चुन-चुनकर सारे आरोपों का जवाब दिया।

**पूरा जवाब सुनेंगे तो पुराना इतिहास याद आने लगेगाः** सीएम योगी ने कहा कि डेंगू को लेकर सरकार पहले से ही अवेयर थी। अंतरविभागीय समन्वय से संचारी रोग नियंत्रण के लिए सरकार ने गंभीर प्रयास किया है। आपने सिर्फ डेंगू की बात की है, लेकिन जब वेक्टर बांड डिजीज की बात करते हैं तो उसमें डेंगू के साथ मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार जैसी डिडीज भी आती हैं। इन सभी से संबंधित वेक्टर बांड डिजीज हों या वाटर बांड डिजीज हों, इनके उपचार के लिए सरकार के स्तर पर एक समन्वित प्रयास किया गया है। उस समन्वित प्रयास के माध्यम से ही संचारी रोग नियंत्रण के एक विशेष अभियान को वर्ष में तीन बार चलाया जाता है। पहले 15 दिन अवेयरनेस के साथ-साथ अंतरविभागीय समन्वय से स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग होने के नाते सभी अन्य विभागों के समन्वय से इन कार्यक्रमों को नियंत्रित करता है। इसके बाद दस्तक अभियान के माध्यम से डोर टू डोर जाकर यदि कोई भी व्यक्ति बुखार से पीड़ित है तो उसे नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में उपचार की सुविधा दिलाने की व्यवस्था करना शामिल है।

**चेहरा या मजहब नहीं, पीड़ित को देखकर दिया जाता है पैसाः** सीएम योगी ने प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे को लेकर किए गए प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के अंदर 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपए सालाना स्वास्थ्य बीमा का कवर भी ये सरकार उपलब्ध करा रही है। किसी भी इम्पैनल्ड हॉस्पिटल में चाहे वो सरकारी हो या प्राइवेट अस्पताल में उसे सभी सुविधाएं मिल रही हैं। पूरा सदन गवाह है कि हर माननीय सदस्य को सदन के द्वारा अपनी निधि से 25 लाख रुपए सालाना देने का अधिकार दिया गया है। यही नहीं, मुख्यमंत्री राहत कोष से हम चेहरा देखकर पैसा नहीं देते हैं। कोई भी व्यक्ति आवेदन करता है, उसकी जाति, उसका मत और मजहब नहीं देखा जाता है। वो पीड़ित राज्य का नागरिक है, उसको प्रदेश में, देश में या दुनिया में कहीं भी स्वास्थ्य की अच्छी सुविधा मिलती है तो मुख्यमंत्री राहत कोष से भी हम पैसा देने में हम कोई कोताही नहीं करते।

**कोरोना काल में लोगों ने देखा है आपके द्वारा किया गया कुत्सित प्रयासः** सीएम योगी ने अंत में फिर अखिलेश यादव और सपा पर हमला करते हुए कहा कि समस्या इस बात की नहीं है कि हम समस्या के समाधान की ओर जाएं, समस्या केवल हर मुद्दे का राजनीतिकरण करके समाज में अव्यवस्था पैदा करना है। लोगों में असंतोष पैदा करने का जो कुत्सित प्रयास किया जाता है वो तो कोरोना कालखंड में भी लोगों ने देख लिया था, जब आप लोगों को बहका रहे थे कि वैक्सीन मत लगवाना, ये तो मोदी वैक्सीन है। परिणाम क्या है, मोदी जी के शासनकाल में, उनके मार्गदर्शन में हमारे वैज्ञानिकों द्वारा बनाई गई दोनों वैक्सीन दुनिया की सबसे प्रभावी वैक्सीन है।

### 28 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट भी किया गया पेश

उत्तर प्रदेश सरकार ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 का अनुपूरक बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की तरफ से सदन में 28 हजार 760 करोड़ 67 लाख रुपए का बजट प्रस्तुत किया गया। सदन में अनुपूरक बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि वित्तीय वर्ष 23-24 में प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार 28,760.67 करोड़ है। इसमें राजस्व लेखे का व्यय 1946.39 करोड़ रुपए है। पूंजी लेखे का व्यय 9,714 करोड़ रुपए है। प्रस्तावित अनुपूरक मांग मे नई मांग की कुल धनराशि 7,421.21 करोड़ रुपए के प्रस्ताव सम्मिलित हैं। चालू योजनाओं में इसके लिए 21,339.46 करोड़ रुपए के प्रस्ताव है।


### पटना हाईकोर्ट ने खासमहल की जमीन से बेदखल करने के आदेश पर लगाई रोक




**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने खासमहल के जमीन से बेदखल करने के आदेश पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से जबाब तलब किया है। कोर्ट ने अर्जी को विस्तृत सुनवाई के लिए मंजूर कर लिया है। इस मामलें की सुनवाई जस्टिस संदीप कुमार कर रहे है। साथ ही कोर्ट ने पटना डीएम को अपने स्तर से जबाबी हलफनामा दायर करने का आदेश दिया। वही पटना डीएम की ओर से 17 अक्टूबर को जारी आदेश और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के उप सचिव की ओर से 4 अक्टूबर को जारी आदेश पर रोक लगा दिया। आवेदक की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र किशोर ने कोर्ट को बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के उप सचिव ने गत 4 अक्टूबर को एक आदेश जारी कर कदमकुआं खासमहल जमीन का लीज रद्द कर पुनर्ग्रहण करने का आदेश दिया है। उनका कहना था कि लीजधारी के पुत्र ने आपसी सहमति से जमीन का बंटवारा कर उसे बेचने एवं खरीदार ने उस जमीन पर चार मंजिला मकान का निर्माण कर और एक दुकान बना लेने के आरोप में खासमहल लीज को रद्द कर दिया गया। उनका कहना था कि लीजधारी की ओर से दायर आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया गया। यही नहीं, खासमहल लीज को रद्द करने का अधिकार अधिकारियों को नहीं है। लीज को रद्द करने के लिए सक्षम सिविल कोर्ट में केस दायर कर कोर्ट के आदेश से रद्द हो सकता हैं। बगैर कानूनी प्रक्रिया अपनाये लीज को रद्द कर दिया गया। कोर्ट ने आवेदक के दलील को मंजूर करते हुए रोक लगा दी।


# कोलकाता में गरजे अमित शाह... बोले- ममता दीदी, सीएए देश का कानून है, इसे कोई रोक नहीं सकता

**एजेंसी/कोलकाता**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज बुधवार को कोलकाता के धर्मतला में एक सार्वजनिक रैली में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर बरसे। अमित शाह ने कहा, जिस राज्य में इतनी घुसपैठ होती हो वो कभी विकास कर सकता है क्या? इसीलिए ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं। ममता दीदी, सीएए देश का कानून है और इसे कोई रोक नहीं सकता। हम इसे लागू करके रहेंगे. वहां से आने वाले हिंदू बहनों भाइयों का इस देश पर उतना ही अधिकार है जितना मेरा और आपका है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि 2024 के चुनावों में पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार बनाकर सत्ता में आयेगी।

**टीएमसी की बंगाल सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वानः** उन्होंने पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरूआत करने के दौरान तुष्टीकरण, घुसपैठ, भ्रष्टाचार और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखे हमले किए। उन्होंने लोगों से टीएमसी की सरकार को उखाड़ फेंकने तथा अगले विधानसभा चुनाव में बीजेपी को चुनने का आग्रह किया। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी 2026 में दो-तिहाई बहुमत के साथ राज्य की सत्ता में आएगी। उन्होंने कहा कि जो ममता बनर्जी पहले घुसपैठ को लेकर संसद को नहीं चलने देती थी वो अब इनको वोटर कार्ड बनाकर देती हैं। वो अब चुप बैठी हैं। आज बंगाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। बम धमाकों से गंजू रहा है। नेताओं के घरों से इतने नोटों की गड्डिया कभी नहीं मिली। बंगाल में यह सब दिख रहा है। कभी साहित्य, विज्ञान, कला, उद्योग, अध्यात्म, आजादी आंदोलन में पूरा देश का नेतृत्व बंगाल करता था लेकिन अब वो उसको दीदी ने सबसे पिछड़ा बनाने का काम किया है। आज बंगाल को उन्होंने बर्बाद करके रख दिया है।




## सीएम योगी के विजन अनुसार प्रदेश में चकबंदी प्रक्रिया को आधुनिक तकनीक से लैस

# उप्र में एआई व मशीन लर्निंग से लैस होगी चकबंदी प्रक्रिया

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की उन्नति के लिए आधुनिक तकनीक को जरिया बनाकर कार्य कर रही योगी सरकार अब प्रदेश में चकबंदी प्रक्रियाओं को सरल, सुलभ और अत्याधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। योगी सरकार ने प्रदेश में भूमि समेकन समेत चकबंदी की तमाम प्रक्रियाओं को मशीन लर्निंग (एमएल) युक्त आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी बेस्ड सॉफ्टवेयर के जरिए क्रियान्वित करने की तैयारी कर ली है। इस क्रम में, यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा एआई बेस्ड एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सॉफ्टवेयर के निर्माण व क्रियान्वयन की प्रक्रिया जारी है। इस विशिष्ट सॉफ्टवेयर के डिजाइन, निर्माण, विकास व क्रियान्वयन के लिए टेक्निकल सर्विस प्रोवाइडिंग (टीएसपी) एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तथा ई-निविदा के जरिए आवेदन मांगे गए हैं। उल्लेखनीय है कि टेक्निकल सर्विस प्रोवाइडिंग एजेंसी द्वारा चकबंदी से जुड़ी प्रक्रियाओं के सरलीकरण के लिए जिस सॉफ्टवेयर का निर्माण किया जा रहा है वह सैटेलाइट इमेज एक्सेस, रोवर सर्वे, डीजीपीएस, नाविक, ब्लॉकचेन डाटा एक्सेस जैसी नेकस्ट जेनरेशन टेक्नॉलोजी से लैस होगा। इसके लागू होने से चकबंदी प्रक्रिया के ऑटोमेशन, डिजिटाइजेशन तथा वाद निस्तारण समेत तमाम कार्यों की पूर्ति त्रुटिरहित व सरल तरीके से हो सकेगी।

**डाटा संकलन समेत रियल टाइम प्रॉब्लम सॉल्विंग तकनीक से होगा लैसः** इस विशिष्ट सॉफ्टवेयर में डाटा संकलन के साथ ही समस्या के निस्तारण के लिए रियल टाइम एक्सेस जैसी सुविधाएं होंगी जिससे प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटीज में काफी सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि अभी किसी एक गांव में भूमि समेकन की प्रक्रिया पूरी करने में 100 से 1300 दिन लग जाते हैं, वहीं सॉफ्टवेयर के क्रियान्वयन के उपरांत इस प्रक्रिया को मैप व डिजिटाइज्ड रिकॉर्ड्स के एसेसमेंट के जरिए काफी कम समय में पूरा किया जा सकेगा। इसी तरह, चक के एक्सचेंज रेशियो कैल्कुलेशन, एक्सचेंज रेट पैरामीटर इवैल्युएशन तथा वेक्टर मैप पर चक के उकेरे जाने जैसी प्रक्रियाओं को इस सॉफ्टवेयर के जरिया पूरा किया जा सकेगा।

**सैटेलाइट इमेजिंग व रोवर सर्वे पूर्ण करने में होगा सक्षमः** टेक्निकल सर्विस प्रोवाइडिंग एजेंसी द्वारा जिस सॉफ्टवेयर का निर्माण किया जा रहा है वह सैटेलाइट इमेजिंग बेस्ड होगा तथा इससे रोवर सर्वे को मैनुअली करने के बजाए डाटा इवैल्युएशन के जरिए बेहद कम समय में सटीकता के साथ पूर्ण किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, सॉफ्टवेयर डाटा इंटिग्रेशन प्लॉटफॉर्म की तरह कार्य करते हुए पहले से उपलब्ध आंकड़ों, मैप्स, सैटेलाइट इमेज तथा नवीन रोवर सर्वे से प्राप्त डाटा के समायोजन तथा मूल्यांकन में भी सहायक सिद्ध होगा। यह चकबंदी एक्ट्स की एनालिसिस करके एल्गोरिदम बनाने में भी सक्षम होगा तथा खतौनी को ब्लॉकचेन बेस्ड सिस्टम पर ले जाने में सक्षम होगा।

## खबरें फटाफट

### राजमिस्त्री की ट्रेन से गिरकर मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर जमीरा हाल्ट के समीप बुधवार की सुबह ट्रेन से गिरकर एक राजमिस्त्री की मौत हो गई। मृतक जमीरा गांव वार्ड नंबर 3 निवासी स्व.भिखारी साह के 58 वर्षीय पुत्र नंद किशोर साह थे। भाई अवध किशोर साह ने बताया कि करीब छह माह से उनके भाई पटना में राजमिस्त्री का काम कर रहे थे। वह ट्रेन से पटना रोज आना-जाना करते थे। बुधवार की सुबह वह काम करने ट्रेन से पटना जा रहे थे। उसी दौरान वह ट्रेन से गिर पड़े और उनकी मौत हो गयी। उसके बाद जमीरा हाल्ट के पास खेत में काम कर रहे ग्रामीणों द्वारा उन्हें ट्रैक पर पड़ा देखा, तो सूचना दी गयी। सूचना मिलने पर वे लोग घटनास्थल पर पहुंचे। रेल पुलिस भी पहुंची और शव पोस्टमार्टम करवाया गया। दूसरी ओर जमीरा पंचायत के पूर्व सरपंच लालजी प्रसाद आरा सदर अस्पताल पहुंच राजमिस्त्री के परिजनों से मिल कर घटना की जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाया।

### रसोइयां की लापरवाही से झुलसा छात्रा का चेहरा, इलाजरत

**औरंगाबाद।** रसोइयां की लापरवाही से एक छात्रा का चेहरा बुरी तरह झुलस गया, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। मामला ओबरा थाना क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय मखरा गांव का है। जख्मी छात्रा पिंकी कुमारी उक्त विद्यालय में वर्ग चार में पढ़ती है। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर रसोइयां खाना बना रही थी। इसी क्रम में उसने उबला हुआ आलू का पानी ज्यों ही खिड़की से बाहर फेकी तभी छात्रा उस जगह पर आ गई जिसमें छात्रा का चेहरा झुलस गया। मामले की जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती करवाया है। जहां उसका चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### मारपीट में जख्मी अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**औरंगाबाद।** मारपीट के जख्मी अधेड़ व्यक्ति की इलाज के दौरान मगध मेडिकल कॉलेज गया में मौत हो गई। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव की हैं। जहां गत मंगलवार को आपसी विवाद में मारपीट के दौरान अधेड़ व्यक्ति जख्मी हो गया था। जबकि जख्मी तीन अन्य का इलाज उस अस्पताल में जारी है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय जमुना राम भुइयां के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक का जमीनी विवाद भाई अर्जुन भुइयां के साथ था। इसी क्रम मंगलवार की सुबह अर्जुन भुइयां व उसके परिवार ने लाठी-डंडे से जमुना एवं उसके परिजनों पर हमला कर जख्मी कर दिया जिसमें जमुना, उनकी पत्नी रमनी देवी, बेटा श्रीनिवास भुइयां एवं धनंजय जख्मी हो गये। स्थिति गंभीर होने पर जमुना को मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था।

## शाहपुर थाना क्षेत्र के बरिसवन गांव की घटना, फायरिंग का भी आरोप

# गवाही देने पर ग्रामीण को पीटा, पुलिस पर रोड़ेबाजी कर मुखिया प्रतिनिधि को छुड़ाया

- मुखिया प्रतिनिधि की गिरफ्तारी से नाराज उनके पक्ष के लोगों ने की पुलिस टीम पर रोड़ेबाजी
- स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस को करनी पड़ी फायरिंग, पथराव में दारोगा नवीन सहित एक जवान जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

शाहपुर थाना क्षेत्र के बरिसवन गांव में बुधवार को गबन के केस में गवाही देने पर मुखिया प्रतिनिधि और समर्थकों द्वारा पहले एक ग्रामीण की जमकर पिटाई कर दी गयी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद मारपीट की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस पर रोड़ेबाजी भी कर दी गयी। उस दौरान मुखिया प्रतिनिधि रिंकू तिवारी को पुलिस के कब्जे से छुड़ा भी लिया गया। उससे स्थिति पूरी तरह अनियंत्रित हो गयी। शुरू में कम संख्या में होने के कारण पुलिस को पीछे हटना पड़ा। बाद में हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी। वहीं पथराव की घटना में दारोगा नवीन चंद्र श्रीवास्तव सहित एक पुलिस जवान चोटिले हो गये हैं।

एसपी की ओर से एक से दो राउंड फायरिंग की पुष्टि की जा रही है। बाद में एसडीपीओ के नेतृत्व में शाहपुर, बिहिया, करनामेपुर और बहोरनपुर ओपी सहित अन्य थानों की पुलिस



घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति शांत कराया गया। पुलिस की ओर से धरपकड़ तेज कर दी गयी है । उस दौरान एक घर से देसी कट्टा और गोली भी बरामद किया गया है। इधर, मारपीट में जख्मी भोला पासवान का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। वहीं, मारपीट, पुलिस पर रोड़ेबाजी और फायरिंग को लेकर गांव में काफी देर तक अफरातफरी मची रही। बताया जा रहा है कि गबन के केस में गवाही देने को लेकर बरिसवन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रिंकू तिवारी और ग्रामीण भोला पासवान के बीच विवाद चल रहा था।

बुधवार की दोपहर गवाही देने के विवाद में बरिसवन गांव निवासी मुखिया प्रतिनिधि रिंकू तिवारी व उनके समर्थकों द्वारा भोला पासवान के साथ मारपीट ही जाने लगी। उस दौरान फायरिंग भी की गयी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और मुखिया प्रतिनिधि रिंकू तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। तभी अचानक पुलिस पर रोड़ेबाजी कर दी गयी और मुखिया प्रतिनिधि को छुड़ा लिया गया। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि भोला पासवान और बरीसवन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रिंकू तिवारी व उनके लोगों के बीच पूर्व के विवाद को लेकर गाली-गलौज हुआ है। मारपीट और फायरिंग की भी सूचना थी। उस आधार पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। उसके बाद पुलिस रिंकू तिवारी को गिरफ्तार करके लाने लगी। तभी उनके लोगों ने पुलिस पर रोड़ेबाजी कर दी। रिंकू तिवारी को भी पुलिस से छुड़ा लिया। उसके बाद हालात को देखते हुए पुलिस को आत्मरक्षा में एक दो राउंड फायरिंग करनी पड़ी। तब भीड़ पीछे हटी और स्थिति शांत हो सकी। उसके बाद भोला पासवान को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। उन्होंने बताया कि एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम भेजी गयी है। टीम अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी कर रही है। जल्द ही सभी अभियुक्तों की गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सरकारी योजनाओं में प्राथमिकी और गवाही देने से नाराज चल रहे मुखिया प्रतिनिधि

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि भोला पासवान द्वारा बरिसवन पंचायत में सरकारी योजनाओं में गबन की शिकायत की गई थी। जांच के बाद उस मामले में बीडीओ की ओर से शाहपुर थाने में कांड संख्या 466 /23 और 467/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा पिछले दिनों केस की जांच की गयी थी। उस दौरान भोला पासवान द्वारा केस के समर्थन में अपना बयान दिया गया था। उसे लेकर दोनों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। उसके बाद मुखिया प्रतिनिधि रिंकू तिवारी और उनके समर्थकों द्वारा भोला पासवान के साथ मारपीट की गई। इधर, घटना के बाद क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ है। हालांकि पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है।

## बजेन गांव में खेत का पटवन करने जा रहे युवा किसान की करंट लगने से मौत

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के चरपोखरी थाना क्षेत्र के बजेन गांव में बुधवार की अहले सुबह करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक युवा किसान की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया।

मृत किसान बजेन गांव निवासी स्व. सुरेंद्र यादव का 27 वर्षीय पुत्र लल्लू यादव था। उनके परिजन सोनू कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह वह खेत पटाने के लिए जा रहा था। रास्ते में उनका हाथ बिजली के एक पोल में स्पर्श कर गया। उस पोल में करंट दौड़ रहा था। उससे वह करंट की चपेट में आ गया और झुलस गया। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे आनन-फानन में इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। हालांकि सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि किसान दो भाई और तीन बहनों में तीसरे स्थान पर था। उनके परिवार में मां उर्मिला देवी,पत्नी अर्चना देवी और पुत्र तेजस्वी कुमार है। घटना के बाद के घर में रोना-धोना मच गया है। मां उर्मिला देवी और पत्नी अर्चना देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## नोजल कर्मी से लूटपाट, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के रेपुरा स्थित पेट्रोल पंप से लूटपाट कर भाग रहे दो बदमाशों को पुलिस ने कुछ घंटों में गिरफ्तार कर लिया है। लूटे गए पैसे में से 45 सौ रुपए नगद, एक देसी पिस्टल, चार गोली, दो बाइक और एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। दोनों को संदेश थाना क्षेत्र के कुटियारी गांव से गिरफ्तार किया गया है। उनमें कुटियारी गांव निवासी राजा यदुवंशी और बक्सर के अरक गांव निवासी हर्ष कुमार शामिल हैं। हर्ष अपने ननिहाल संदेश थाना क्षेत्र के नसरतपुर गांव में रहता था। राजा यदुवंशी पूर्व से लूट और गोलीबारी में वांछित था। उसके खिलाफ नवादा और उदवंतनगर थाने में पहले से केस दर्ज हैं।

एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मंगलवार की रात करीब दस बजे दोनों रेपुरा स्थित पेट्रोल पंप पर बाइक में तेल लेने गये थे। तेल देने के बाद पेट्रोल पंप कर्मी द्वारा पैसे की मांग की गयी, तो दोनों अपराधियों ने हथियार के बल पर कर्मी से 56 सौ रुपए लूट लिया। उसके बाद दोनों भाग निकले। सूचना मिलने पर अपराधियों की गिरफ्तारी और पैसे बरामदगी को लेकर एएसपी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम



द्वारा पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज से दोनों की पहचान की गयी। उसके बाद लोकल इनपुट और तकनीकी जांच के जरिए दोनों को कुछ घंटें बाद कुटियारी गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि राजा यदुवंशी का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ नवादा थाने में आर्म्स एक्ट और उदवंतनगर थाने में लूट का केस दर्ज है। उसकी दोनों में तलाश थी। उसे उन कांडों में भी रिमांड किया जायेगा। हर्ष कुमार का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। टीम में संदेश थानाध्यक्ष अवधेश कुमार और दारोगा संजय कुमार यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## हेलीकॉप्टर से दुल्हन लेने पहुंचा दूल्हा, प्रशासनिक अनुमति नही मिलने पर गांव के लगाए सात फेरे

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

बिहार के जहानाबाद में एक अनोखी शादी का मामला सामने आया है। यहां दूल्हा हेलीकॉप्टर से सात फेरे लेने के लिए पहुंचा था लेकिन प्रशासन द्वारा लैंडिंग की अनुमति नही मिलने पर गांव के ऊपर से ही हेलीकॉप्टर से सात फेरा लगाकर गया एयरपोर्ट के रास्ते वर-वधु को जमशेदपुर के लिए विदा करना पड़ा। मामला घोषी थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव का है। दरअसल मोहद्दीपुर गांव निवासी रामानंद दास की सेवानिवृत्त पत्नी राजकुमारी की तमन्ना थी कि वह डॉक्टर बेटी की शादी के बाद हेलीकॉप्टर से उसे विदाई करे। बताया जाता है कि दुल्हन की मां राजकुमारी हाल ही में रेलवे के अस्पताल से सेवानिवृत्त हुई थीं। उनकी तमन्ना थी कि उनकी बेटी की शादी के बाद गांव से ही हेलिकॉप्टर से ही विदा की जाये। लेकिन, स्वीकृति नहीं मिलने के बाद गया एयरपोर्ट से ही उड़ान भरना पड़ा। प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दिये जाने पर कन्या के परिजनों में काफी अफसोस एवं स्थानीय प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। बताया जाता है कि रामानंद दास अपनी डॉक्टर बेटी मेघा रानी की शादी 27 नवंबर को जमशेदपुर निवासी डॉ विवेक कुमार से बोधगया के होटल में किया और 28 नवंबर को अपने गांव घोसी थाना क्षेत्र के मेहदीपुर गांव से हेलीकॉप्टर में बैठकर विदा करने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली थी। इसके लिए उनके पुत्र मृत्युंजय राज ने पटना से लगभग 9 लाख रुपए में हेलीकॉप्टर किराये पर बुक कराया था। हेलीकॉप्टर लैंडिंग को लेकर गांव के खेत में ही हेलीपैड भी बनवा। लेकिन सुरक्षा का हवाला देते हुए जिला प्रशासन द्वारा लैडिग का परमिशन नहीं दिया। जिसके कारण गया एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर चलकर मोहद्दीपुर गांव के ऊपर ही सात फेरे लगाकर जमशेदपुर के लिए रवाना हो गए।

## दहेज लोभियों ने विवाहिता की कर दी हत्या

**औरंगाबाद।** सिमरा थाना क्षेत्र के अंजनिया गांव में दहेज में बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों द्वारा 21 वर्षीय विवाहिता की हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान गौतम कुमार की पत्नी शोभा कुमारी के रूप में हुई है। मृतका का मायका मदनपुर थाना क्षेत्र के दधपी गांव में है। मृतका के भाई दीपक ने बताया कि इसी वर्ष 15 मई को ससुराल वालों की सारी डिमांड पूरी कर अंजनिया गांव निवासी दशरथ मेहता के पुत्र गौतम कुमार से शादी हुई थी। शादी के एक महीने बाद से ही ससुराल वाले दहेज में बाइक और सोने की चेन की मांग करने लगे। इस बात को लेकर ससुराल वाले हमेशा प्रताड़ित करने लगे और मारपीट करने लगे। इधर मंगलवार की सुबह शोभा अपने मायके वालों से फोन पर बात कर सारी बात बताई। लेकिन थोड़ी देर बाद गांव के ही कुछ लोगों द्वारा सूचना मिली कि शोभा की गला दबाकर हत्या कर दी गयी है।

## सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मिला नया जीवन

# जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 18 बच्चों का हुआ इलाज

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

बालपन के रोगों की जल्द से जल्द पहचान एवं उसके आवश्यक निदान के निहितार्थ सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले में कार्यरत मोबाइल हेल्थ टीम के लिए प्रयुक्त कुल 18 गाड़ियों की ब्रांडिंग कराई गई है। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य समिति जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम द्वारा बताया गया कि प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता सहित सभी गाड़ियों की एकरूपता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना से निर्देश प्राप्त हुआ था कि सभी गाड़ियों की यूनिफॉर्म ब्रांडिंग कराई जाए। इस आलोक में गाड़ियों की ब्रांडिंग निदेर्शानुसार कराई गई तथा



सिविल सर्जन डॉ रवि भूषण श्रीवास्तव द्वारा झंडी दिखाकर गाड़ियों को उनको संस्थानों के लिए के लिए रवाना किया गया। जिले के लिए यह सुखद अनुभूति होगी पूरे बिहार के लिए स्वीकृत ब्रांडिंग में जिले के गतिविधियों की ही तस्वीरे लगाई गई हैं।

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए जिले की कोऑर्डिनेटर नीलम रानी द्वारा बताया गया कि बालपन की बीमारियों को मुख्य रूप से चार भागों में बांटकर समझा जा सकता है। पहला जन्मजात दोष, दूसरा पोषक तत्वों की कमी की वजह से होने वाली बीमारी, तीसरा बालकों में धीमी विकास और चौथा बालपन में सामान्य रूप से होने वाली संक्रामक एवं गैर संक्रामक बीमारियां बालपन की बीमारियों की पहचान के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का संचालन सरकार द्वारा किया जा रहा है जिसके तहत विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाती है तथा कुल 44 प्रकार की बीमारियों की स्क्रीनिंग की जाती है। यदि किसी बच्चों में किसी रोग के लक्षण देखे जाते हैं तो उनके इलाज के सभी विकल्पों को बताया जाता है तथा रेफर का नैदानिक व्यवस्था स्पेशलिस्ट संस्थानों में प्रदान कराई जाती है। उल्लेखनीय है कि जिले के लगभग 18 बच्चों को जन्मजात हृदय रोग की समस्या थी जिनके इलाज की व्यवस्था कराई गई।

## एक नजर

### उत्पाद न्यायालय ने तीसरी बार शराब पीने पर दोषी को सुनाई एक वर्ष की सजा

**जहानाबाद।** उत्पाद न्यायालय दो राकेश कुमार की अदालत ने तीसरी बार शराब पीने के आरोपी जहानाबाद जिले के कडौना ओपी निवासी धर्मेंद्र पांडेय पिता स्वर्गीय रामजी पांडेय को बुधवार को 1 वर्ष की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। धर्मेंद्र पांडे के विरुद्ध पूर्व में पहली बार शराब पीने के आरोप में कड़ोंना गिरफ्तार कर दंडित किया गया था। दूसरी बार कड़ोंना में पकड़े जाने पर न्यायालय द्वारा 1 वर्ष की सजा सुनाई गई है। वही तीसरी बार जहानाबाद थाना कांड संख्या 704/ 2023 में पकड़े जाने पर न्यायालय द्वारा फिर से एक वर्ष की साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

### सुशील प्रसाद सिंह बने नए प्रधान दंडाधिकारी



**औरंगाबाद।** किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी न्यायाधीश सुशील प्रसाद सिंह ने पदभार ग्रहण किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नव नियुक्त प्रधान दंडाधिकारी ने प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नेहा दयाल के स्थान पर पदभार ग्रहण किया हैं। इस दौरान श्रीमती दयाल का तबादला व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में हुई है। इस अवसर पर किशोर न्याय परिषद के नव नियुक्त प्रधान दंडाधिकारी को बधाई दी गई तो वहीं श्रीमती दयाल को सम्मान पूर्वक बिदाई दी गई। आपको मालूम कि किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद में 1050 मामले लंबित हैं। इस अवसर पर किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के सदस्य अरूण कुमार सिंह, संजू कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### कार्तिक छठ मेला में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को डीएम ने किया सम्मानित



**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभागार में कार्तिक छठ मेला के दौरान बेहतर कार्य करने वाले बैंक एवं कॉरपोरेट कार्यालय के प्रतिनिधि, जन प्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों का फीडबैक सह सम्मान समारोह का आयोजन जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम सभी उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों का कार्तिक छठ मेला 2023 के आयोजन का फीडबैक प्राप्त किया गया। इस क्रम में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। साथ ही अगले चैती छठ मेला का आयोजन इसी तरह के अच्छी प्लानिंग एवं दुरुस्त व्यवस्था के साथ करने का अनुरोध किया गया।

### रफीगंज विधायक ने की योजनाओं की समीक्षा

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित बहुदेशीय भवन में बुधवार को विकास योजनाओं की समीक्षा बिहार विधानसभा के निवेदन समिति के सदस्य सह रफीगंज विधानसभा के विधायक मो. नेहालुद्दीन ने की। बैठक में खिरियावां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रंजीत यादव ने नव सृजित विद्यालय बरडी के लिए जमीन का एनओसी नहीं मिलने का मामला उठाया। विधायक नेहालुद्दीन ने सीओ को तीन दिनों में एनओसी देने का निर्देश दिया। मदनपुर सीएचसी में आंख कान का चिकित्सक पदस्थापित नहीं रहने का मामला उठाया गया। पीएचईडी द्वारा लगाए गए नल जल का मामला रखा गया। बताया कि कहीं भी नल जल बेहतर तरीके से नहीं चल रहा है। मुखिया संजय यादव ने प्रत्येक पंचायत में स्टेट ट्यूबेल लगाने की मांग रखी। सरकारी विद्यालय के जमीन का म्यूटेशन करने, पंचायत समिति की बैठक में पदाधिकारी उपस्थित नहीं रहने तथा प्रखंड क्षेत्र में 92 प्रतिशत धान रोपनी का रिपोर्ट देने सहित अन्य मुद्दों को जनप्रतिनिधियों ने रखा। प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार ने कहा कि पदाधिकारी मनमानी करते हैं। प्रतिनिधियों की बातों पर तब्बजो नहीं देते हैं। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विजय कुमार उर्फ गोलू यादव ने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा उपभोक्ताओं को परेशान किया जाता है।

### सैकड़ो दिव्यांगों को दी गई ट्राई साईकिल

**मखदुमपुर।** प्रखंड कार्यालय के समीप बुधवार को भारत सरकार सामाजिक अधिकारिता एवं न्याय विभाग के द्वारा एडिप योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे सैकड़ो दिव्यांगों को उनके उपयोग के लायक सामग्री दी गई। कार्यक्रम में मखदुमपुर विधायक सतीश कुमार, प्रखंड प्रमुख निक्की कुमारी, बीडीओ प्रभाकर सिंह, वार्ड पार्षद संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा ने शिविर में पहुंचे दिव्यांगों को सामग्री वितरित किया।



# डीएम ने किया पंचकोशी पड़ाव स्थलों का निरीक्षण, दिए कई निर्देश

- 2 दिसंबर से शुरू होगी पंचकोशी परिक्रमा, त्रेता युग से चली आ रही है परंपरा
- चरित्रवन बक्सर, नुआँव व अहिरौली पंचकोशी परिक्रमा स्थलों का डीएम ने किया भ्रमण

**केटी न्यूज/बक्सर**

2 दिसंबर से पंचकोशी यात्रा शुरू हो रही है। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए तथा विधि व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए डीएम अंशुल अग्रवाल ने बुधवार को पंचकोशी के पड़ाव स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चरित्रवन बक्सर, नुआँव एवं अहिरौली पंचकोशी परिक्रमा स्थलों का भ्रमण किया एवं संबंधित पदाधिकारी को



जरूरी दिशा निर्देश दिया। डीएम ने बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र एवं नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम को सभी पंचकोसी परिक्रमा स्थल पर पर्याप्त साफ-सफाई, पेयजल, साईन बोर्ड, तोरण द्वार एवं पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था करने का निदेश दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ व ईओ के अलावे सदर प्रखंड के प्रभारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व पंचकोसी परिक्रमा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**त्रेता काल से चली आ रही है परंपरा:** बता दें कि पंचकोशी परिक्रमा त्रेताकाल से चली आ रही है। मान्यता है कि महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा करने जब भगवान श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण के साथ आए थे तो वे महर्षि विश्वामित्र के साथ पंचकोशी परिक्रमा किए थे। पांच दिनों में पांच अलग अलग गांवों में उनका काफिला ठहरा था। इस दौरान पांचों जगहों पर उन्हें अलग अलग चीजें खिलाई गई थी। आज भी यह परंपरा निभाई जाती है तथा हर पांचों दिन अलग अलग चीजें प्रसाद स्वरूप खाई जाती है। अंतिम दिन चरित्रवन में लिट्टी चोखा खाया जाता है।

इस बार यह यात्रा 2 दिसंबर से शुरू हो रही है। पहले दिन पहला पड़ाव अहिरौली के अहिल्या मंदिर में होगा। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने पत्थर बनी अहिल्या को अपने पैर से छू उन्हें श्राप से मुक्ति दिलाई थी। दूसरे दिन पंचकोशी परिक्रमा का जत्था नदांव स्थित महर्षि नारद के आश्रम पहुंचता है। तीसरे दिन का ठहराव भभुवर स्थित भार्गव ऋषि के आश्रम में, चौथे दिन नुआंव के उद्यालय ऋषि के आश्रम तथा अंतिम दिन चरित्रवन स्थित महर्षि विश्वामित्र के तपोस्थली पर लिट्टी चोखा का प्रसाद ग्रहण किया जाता है। यह ऐतिहासिक यात्रा नजदीक आने से लोगों का उत्साह बढ़ गया है। वही प्रशासन द्वारा भी इसकी तैयारी तेज कर दी गई है। डीएम से पहले बक्सर नगर परिषद की ईओ प्रेम स्वरूपम भी पंचकोशी के पड़ाव स्थलों का निरीक्षण कर चुकी है। वही डीएम ने कहा कि किसी तरह का चुक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व संत महात्मा शामिल होते है। लिहाजा व्यवस्था दुरूस्त होना चाहिए।

## एक नजर

### बसमनपुर गांव से खेलने के दौरान गायब हुआ तीन वर्षीय मासूम, परिजनों की बढ़ी चिंता



**नावानगर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के बेलाव पंचायत के बसमनपुर गांव का एक तीन वर्षीय मासूम मंगलवार की शाम 3 बजे से ही अपने घर से गायब है। पिछले 24 घंटे से उसके परिजन काफी खोजबीन किए, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। इसके बाद उसके पिता ने स्थानीय पुलिस को तहरीर दें अपने पुत्र की तलाश की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार बसमनपुर के जितेन्द्र पांडेय का 3 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार मंगलवार की शाम अपने घर के बाहर खेलने निकला था। लेकिन इसी दौरान वह कही गायब हो गया। थोड़ी देर बाद ही परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन जब कुछ सुराग नहीं मिला तो परिजन सिकरौल थाने में उसकी गुमशुदगी का मामला दर्ज कराए है। आदित्य के गायब होने से परिजनों में किसी अनहोनी की आशंका गहराने लगी है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। केशव टाइम्स अपने पाठको से अपील करता है कि यदि कही यह बच्चा दिखे तो उसके परिजन को मोबाईल नंबर 09931606069 पर देकर बिछड़े मासूम को उसके घर पहुंचाने में मदद कर सकते है।

### ब्रह्मपुर डाकघर में मैनपॉवर की कमी से प्रभावित हो रहा कामकाज, बैरंग लौट रहे उपभोक्ता



**ब्रह्मपुर।** अनुमंडल के ब्रह्मपुर स्थित डाकघर में पिछले एक पखवाड़े से मैनपॉवर की कमी के कारण काम काज प्रभावित हो रहा है। इस कारण स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री तथा जमा निकासी जैसे लाखों रुपए डाकघर से लौट जा रहे हैं निकासी कार्य ठप होने से घंटे पंक्तिबद्ध खड़े बड़ी संख्या में लोगों को निराश लौटना पड़ता है। वही कई उपभोक्ता अपने खातों की बंद तक करने के लिए कागज बढ़ाने की बात कह रहे हैं। जिससे डाकघर के साख पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है समस्या का निवारण नहीं होने से विभागीय पदाधिकारी के प्रति ग्राहकों का आक्रोश दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मामले में जब ब्रह्मपुर डाकघर के बड़ा बाबू नवनीत कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ब्रह्मपुर पोस्ट ऑफिस में कार्यरत मात्र 2 ही मैन पॉवर है। वही डाकघर पहुंची ब्रह्मपुर की आरती देवी ने बताया कि ब्रह्मपुर पोस्ट आफिस के बड़ाबाबू नवनीत कुमार के द्वारा लगातार पिछले एक पखवाड़े से डाकघर का चक्कर लगवाया जा रहा है लेकिन कभी कर्मी नहीं रहने का हवाला तो कभी लिंक फेल होने का हवाला देकर प्रतिदिन दौड़ाया जा रहा है। बड़की नैनीजोर के विश्वंभर प्रसाद ने कहा कि मैं भागलपुर से नौकरी छोड़ छोड़ कर डाक घर का चक्कर लगा रहा हूं। उन्होंने बताया कि मेरा एनएसी 12 अक्टूबर 2023 को पूरा हो जाने के बाद भी अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है। वही पोस्ट ऑफिस का कार्य पिछले एक पखवाड़े से प्रभावित हो रहा है। जिससे दर्जनों अन्य उपभोक्ताओं को भी हर दिन परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### बक्सर में मनेगी भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती, तैयारी शुरू

**बक्सर।** बक्सर में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 139वीं जयंती मानने को लेकर कायस्थ परिवार के जिला कार्यालय में संयोजक अधिवक्ता सुमन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसका संचालन मनोज कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। बैठक में डॉ राजेंद्र प्रसाद की 139वीं जयंती 3 दिसंबर को यादगार के रूप में मनाने पर चर्चा की गई। साथ ही साथ संयोजक सुमन श्रीवास्तव के द्वारा सरदार पटेल की स्टैचू आफ यूनिटी महाराष्ट्र के तौर पर बिहार के पटना में देशरत्न भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की गगनचुंबी भव्य मूर्ति स्टैचू आफ विज्डम का निर्माण को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के वंशज इन्डिया पॉजिटिव संगठन के सचिव मनीष सिन्हा के द्वारा पटना के बापू सभागार में डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के पूर्व संध्या पर 2 अक्टूबर को किये जा रहे आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भाग लेने की अपील की। बैठक में कायस्थ परिवार के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव, सचिव राजेश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, उपाध्यक्ष मदन मोहन श्रीवास्तव के अलावे पवन कुमार, राम कृपाल श्रीवास्तव, मनीष कुमार सत्यम श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### साइबर फ्रॉड के चंगुल में फंसे वरिष्ठ अधिवक्ता

**डुमरांव।** डुमरांव अनुमंडलीय कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता शंभू शरण नवीन साइबर ठगी के शिकार हो गए है। किसी एससी शर्मा नामक साइबर ठग ने उन्हें फोन कर केवाईसी के नाम पर खाता से संबंधित जानकारी ले लिया तथा उनके खाते से 79 हजार रूपए उड़ा लिया। जब उन्हें इसकी भनक लगी तबतक उनके एसबीआई के खाते से 79 हजार रूपए डेबिट हो चुके थे। उन्होंने साइबर सेनानी ग्रुप में उसके साथ हुई चैटिंग तथा खाते से कटे रुपए की जानकारी साझा करने के साथ ही शिकायत भी दर्ज कराए है। बता दें कि साइबर ठग आए दिन लोगों को अलग अलग तरीके से अपने जाल में फंसाते रहते हैं। ऐसे में सतर्कता ही बचाव है।

## खबरें फटाफट

### सड़क दुर्घटना में मासूम की मौत

**ब्रह्मपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कांट गांव के मुख्य सड़क पर पिकअप के धक्के से एक तीन वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद पिकअप चालक अपना वाहन छोड़ फरार हो गया। मामला मंगलवार के शाम का है। मृतक की पहचान कांट गांव के अमरेन्द्र यादव की 3 वर्षीय पुत्री रिया कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद से परिजनों में मायूशी छाई है। वही लोगों में पिकअप चालक के खिलाफ गहरा आक्रोश है। वही घटना की सूचना मिलते ही ब्रह्मपुर पुलिस ने उक्त वाहन को जब्त कर लिया है। चालक की पहचान की जा रही है।

### टेंपू सवार किशोर को बाइक ने मारी टक्कर

**केसठ।** केसठ कोरान सराय रोड पर टेंपू सवार एक किशोर को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी दाया पैर की हड्डी टूट गई। जानकारी के अनुसार किशोर लव कुमार(16) टेंपू में सवार होकर आरा जा रहा था तभी केसठ कोरान सराय रोड पर विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया और बाइक सवार बाइक लेके भाग निकला।घायल किशोर को ग्रामीणों ने पीएचसी लाया जहा किसको ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया। किशोर प्रखंड के स्थानीय रघुनाथपुर गांव के प्रदीप ठाकुर का पुत्र बताया जा रहा है।

## शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव के पास हुआ हादसा, तीसरा गंभीर

# सड़क हादसे में बन्हेजी डेरा के दो किशोर की मौत, गांव में शव आते मची चित्कार





- बिलौटी गांव के पास बेलगाम स्कॉर्पियो ने बाइक को रौंदा
- पुलिस ने तुरंत तीनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा
- इलाज के दौरान दो ने दम तोड़ा, तीसरे का पटना में चल रहा इलाज



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बुधवार का दिन डुमरांव थाना क्षेत्र के बन्हेजी डेरा के लिए काला दिन साबित हुआ। गांव के दो होनहार सड़क दुर्घटना में जान गवा बैठे है, जबकि तीसरा जीवन व मौत से जूझ रहा है। तीनों एक ही बाइक पर सवार हो एनएच 922 के रास्ते भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बौलीपर गांव जा रहे थे। शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बेलगाम स्कॉर्पियो ने उनके बाइक को रौंद दिया। जिसमें तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय पुलिस द्वारा आनन फानन में तीनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां तीन में से दो ने दम तोड़ दिया जबकि तीसरे को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। उसकी हालत भी चिंताजनक बनी हुई है। मृतकों में मंटू चौधरी का 16 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार, मदन चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र शुभमत कुमार उर्फ बिट्टू तथा जख्मी की पहचान सरल चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र अर्जुन चौधरी के रूप में हुई है। सभी एक ही कुनबे के है तथा वे आलोक के ननिहाल जा रहे थे। दोपहर बाद शव आते ही बन्हेंजी डेरा गांव में चित्कार मच गया। इस मनहूस घटना से पूरा गांव मर्माहत हो उठा है। गांव में पूरे दिन मातमी सन्नाटा पसरा रहा। वही मृतकों के परिजन उनके शव से लिपट विलाप कर रहे थे। सबसे बुरा हाल घर की महिलाओं का था।

**आलोक घर का बड़ा लड़का तो बिट्टू पांच भाईयों में चौथे नंबर पर था:** इस दुर्घटना में जान गवाने वाले आलोक दो भाई व दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसके घर में पिता मंटू चौधरी के अलावे मां आरती देवी, बहन अंगीता व रेणु तथा छोटा भाई विवेक है तो दूसरी तरफ बिट्टू पांच भाईयों में चौथे नंबर पर था। उसके परिवार में पिता मदन चौधरी, मां कांति देवी, भाईयों में विकास, मुकेश, नीतीश व सूरज शामिल है। सभी का रो रोकर बुरा हाल था। वही जख्मी अर्जुन के परिजनों की सांसे भी मानों थम गई थी। उसकी हालत भी चिंताजनक बनी हुई है। घटना के संबंध में मृतक आलोक के पिता मंटू चौधरी ने बताया कि मंगलवार को गांव में एक बारात आई थी। जिसमें तीनों रातभर जगकर बरातियों का स्वागत किए थे। अहले सुबह ही जगदीशपुर के बौलीपर गांव के लिए निकले थे कि बिलौटी गांव के पास हादसें का शिकार हो गए।

**घटना के बाद बेलगाम परिचालन पर था आक्रोश:** इस घटना के बाद परिजनों तथा ग्रामीणों में बेलगाम परिचालन पर गहरा आक्रोश था। ग्रामीणों का कहना था कि जब से एनएच फोरलेन की सड़क में तब्दील हुआ है तब से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ गई है। लोगों ने बेलगाम परिचालन पर लगाम लगाने में प्रशासनिक विफलता को इस घटना का कारण बताया। बता दें कि पिछले एक साल में बक्सर जिला में सड़क दुर्घटनाओं में 84 लोग जान गवां बैठे है। वही रफ्तार के कहर ने एक बार फिर से एक साथ दो घरों में कोहराम मचा दिया है।

## कुटी डेरा के पास ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कृष्णाब्रम्ह थाना क्षेत्र के एनएच 922 सड़क स्थित कुटी डेरा के समीप बुधवार की देर शाम ट्रक के धक्के से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। मौत की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली उनके बीच मातम पसर गया। परिजन रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे और इस दौरान ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

मृतक की पहचान ठाकुर दयाल सिंह के डेरा निवासी अजय यादव के 25 वर्षीय पुत्र राजू यादव के रूप में हुई हैं। सूचना पाकर कृष्णाब्रम्ह पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। घटना को लेकर बताया जाता है कि मृतक अपने घर से बाइक पर सवार होकर कृष्णाब्रम्ह जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रही एक ट्रक ने जोरदार धक्का मार दिया। इस घटना में बाइक सवार घटनास्थल पर ही गिर पड़ा गंभीर चोटें लगने से उसकी मौत हो गयी। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस मृतक के शव को कब्जे में कर पंचनामा तैयार करने में जुटी है। आए दिन हो रहे सड़क हादसे से लोग दहशत में हैं।

## लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाएं: एसडीपीओ

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय थाने का एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने औचक निरीक्षण किया। एसडीपीओ ने कोरानसराय थाने के फाइलो का अवलोकन किया तथा कई फाइलो में त्रुटियों के बाद क्लास लगायी। एसडीपीओ ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि लंबित कांडों का निष्पादन करने में तेजी लाये। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में थाना क्षेत्र में पुलिस की गश्ती बढ़नी चाहिए। इसके साथ ही शराब और शराब के धंधेबाजों के खिलाफ मुहिम चलाकर छापेमारी करने की हिदायत दी।

एनएच 120 सहित अन्य सड़को पर वाहन चेकिंग तेज करने और बाजार, सरकारी व निजी अस्पताल सहित होटल, रेस्टोरेंट, बैंक व एटीएम के आसपास संदिग्धों पर पैनी नजर रखनी होगी। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाते हुए जेल के सलाखों में भेजने की कार्रवाई करे। उन्होंने पुलिस-पब्लिक मैत्री को बढ़ावा देने की बात कहीं। इसके लिए पुलिस की टीम अच्छे लोगों



से संपर्क स्थापित करें। एसडीपीओ ने कई मसलो पर दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि भूमि विवाद के मामले को लेकर शनिवार के दिन थाना परिसर में पीड़ितों की बात सुन उसे निपटाने की कार्यवाही में तेजी लाये। एसडीपीओ के आने के बाद थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मौके पर कोरानसराय थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## मध्य विद्यालय सोंधिला से अनाज की चोरी

**चौसा।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत सोंधिला मध्य विद्यालय के स्टोर रूम का ताला तोड़ चोरों ने हजारों रूपए के खाद्यान्न की चोरी कर ली है। स्कूल के प्रधानाध्यापक रविकांत उपाध्याय ने बुधवार को अज्ञात चोरों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराया है।

## कचरा का उठाव नहीं होने से नगर के सडकों पर गंदगी का अंबार, जन जीवन प्रभावित

# बक्सर में चार दिनों से नहीं हुआ कचरे का उठाव, दुर्गंध से बढ़ी मुश्किलें

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर नगर परिषद की सफाई व्यवस्था बेपटरी हो गई है। पिछले चार दिनों से कचरे का उठाव नहीं हुआ है। जिस कारण कचरे के ढेर से उठने वाले दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। कचरा का उठाव नहीं होने से चारों तरफ कूड़ा का अंबार लगा है। जिससे उठने वाला दुर्गंध लोगों के परेशानी का सवब बन गया है। कचरे के निस्तारण नहीं होने से आम जन जीवन के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड सकता है। सड़क किनारे रखे



गये कुड़ादान कचरे से भर गया है। जिसके आस-पास काफी कचरा जमा हो गया है। सबसे बुरा हाल नगर के मेन रोड के साथ ही रामरेखाघाट रोड एवं पीपी रोड का है। पीपी रोड में बदबू आनी शुरू हो गई है। यदि जल्द कचरे का निस्तारण अन्य व उठाव नगर परिषद नहीं कराता है तो लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। पीपी रोड में नगर परिषद के चेयरमैन के घर के पास भी काफी मात्रा में कचरा जमा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद का अपना निस्तारण केंद्र नहीं होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। चार दिन पहले नगर से दूर कचरे का निस्तारण ग्रामीण क्षेत्रों में कराया जा रहा था। जहां असामाजिक तत्वों ने कचरा में आग लगा दिया था। जिसके बाद उक्त स्थल पर कचरा फेंके जाने पर गांव के लोगों ने आपत्ति जताया था। जिसके बाद नगर परिषद को उठाव के बाद कचरे का निस्तारण समस्या बन गई है। जिसके कारण उठाव नहीं हो पा रहा है। सूत्रों की मानें तो पूर्व में उठाये गये कचरा अभी भी वाहनों पर पड़ा हुआ है। जिसका निस्तारण नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण नगर के कचरों का उठाव नहीं हो रहा है। यह समस्या पूरे नगर परिषद क्षेत्र में बनी हुई है। वहीं नगर के नये जुडे.वार्डों में अपेक्षाकृत कम समस्या है। फिर भी नगर के इन आबादी के गलियों में भी लोगों द्वारा कचरा जमा कर दिया गया है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम ने बताया कि नगर परिषद नगर के कचरे का उठाव कराने के लिए पूरी मुश्तैदी से लगी हुई है।



केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण
बक्सर, 30 नवंबर 2023
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# पहले हफ्तों नहीं बदले जाते थे ट्रांसफॉर्मर, अब घंटों में बदले जा रहे

विधानसभा-शीतकालीन सत्र

♦ शीतकालीन सत्र में योगी सरकार ने प्रदेश में विद्युत व्यवस्था पर विपक्ष के सवालों पर गिनाईं उपलब्धियां

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। इसमें गलत बिलिंग से लेकर खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने, जर्जर विद्युत तारों को रिप्लेस करने संबंधी कार्य शामिल हैं। बड़े पैमाने पर केंद्र सरकार की आरडीएसएस स्कीम की मदद से भी प्रदेश में विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। बुधवार को शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन योगी सरकार की ओर से ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विपक्ष के विभिन्न सवालों का जवाब देते हुए इसकी जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना भी साधा और कहा कि 2017 से पहले जहां हफ्तों में भी ट्रांसफॉर्मर नहीं बदले जाते थे, वहीं अब घंटों में ट्रांसफॉर्मर बदल दिए जाते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि ये बबूल का पेड़ आपने ही लगाया है, इसे हम ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं।

**उपभोक्ता खुद बना सकेंगे अपना बिल:** मीटर रीडर द्वारा गलत बिलिंग को लेकर पूछे गए एक प्रश्न पर ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि अगर किसी उपभोक्ता का बिल गलत आ रहा है तो हमने कई प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराए गए हैं, जहां वो अपनी शिकायत कर सकते हैं। वो बिलिंग काउंटर पर जाकर अपना बिल सुधार करवा सकता है, ऑनलाइन और एप के जरिए भी बिल सुधार की व्यवस्था है। इस पूरे दुष्चक्र से निकलने के लिए अभी कुछ दिन पहले ही हमने ट्रस्ट बिलिंग या सेल्फ बिलिंग की भी शुरूआत की है। इसका मतलब ये है कि हमारे विभाग की वेबसाइट पर जाकर कोई उपभोक्ता अपना कनेक्शन नंबर डालकर अपने मीटर की रीडिंग डालता है तो उसका बिल उसके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त हो जाएगा। अगले महीने से ये व्यवस्था चालू होने जा रही है। ये बात सच है कि सभी उपभोक्ता ऑनलाइन नहीं जा सकते, उसके लिए हमने दूसरी टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए एक अलग व्यवस्था दी है।

## बसों की सुरक्षित यात्रा पर योगी सरकार का विशेष जोर

लखनऊ। योगी सरकार का सुरक्षित सफर पर विशेष जोर है। परिवहन निगम की अनुबंधित बसों में आग लगने की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये गए हैं कि बसों की पर्याप्त चेकिंग की जाए। बसों में आग लगने से परिवहन निगम को भारी नुकसान होता है। जान माल की क्षति की भी संभावना बनी रहती है। सभी बसों की पर्याप्त जांच करने एवं कमियों का निराकरण कराकर ही बसों को रूट पर भेजा जाए।

**समय-समय पर दिया जाय प्रशिक्षण:** परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए कि निगम के क्षेत्रीय अधिकारी स्वयं चेक करें कि बसों में अग्निशमन यंत्र लगे हों। बसों में ऑयल लीकेज न हो, विद्युत वायरिंग इत्यादि ठीक हो। उन्होंने कहा कि यदि बसों में म्यूजिक सिस्टम, फैन, अतिरिक्त लाइट इत्यादि लगे हों तो उसकी भी जांच अवश्य की जाए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि कोई भी ज्वलनशील पदार्थ का वहन तो बसों द्वारा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने चालकों तथा परिचालकों को अग्निशमन यंत्र चलाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये।

**निदेशों का हर हाल में कराया जाय पालन:** प्रधान प्रबंधक (प्राविधिक) एस. एल. शर्मा ने कहा कि परिवहन मंत्री के निदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि फोरमैन, केन्द्र प्रबंधक सभी को निर्देश दिये गये हैं कि बसों की सभी इलेक्ट्रिक वायरों, बैट्री से संचालित मोबाईल चार्जर इत्यादि की जांच करें और सुनिश्चित करें कि सभी उपकरण ठीक-ठाक रहें। उसके पश्चात ही बसों को रूटों पर भेजा जायेगा।

## एक नजर

### शिक्षकों ने मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**चंदौली।** जनपद के शिक्षक संघ, शिक्षामित्र संघ व अनुदेशक संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को विकास भवन के पास धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षक संघ, शिक्षामित्र संघ व अनुदेशक संघ ने सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया कि जब तक शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों की पूर्व में मांगी गई सभी मांगों को पूरा नहीं किया जाए चेतावनी देते हुए कहा कि तब तक हम लोग बायोमेट्रिक हाजिरी का विरोध करेंगे तब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है। अंत में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी अविनाश कुमार और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि प्रेरणा पोर्टल पर उपस्थित में महिला शिक्षकों की सुरक्षा और सम्मान के प्रति कोई विश्वसनीय सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा गया है। इसके दुरुपयोग की संभावना प्रबल है। ऑनलाइन हाजिरी से विजेता का संपूर्ण होने की प्रबल संभावना है। परिषदीय विद्यालयों ग्रामीण व पार्वती दुर्गम सुदूर क्षेत्रों में अवस्थित है। जहां विपरीत मौसम में आवागमन मार्ग अवरुद्ध हो जाते हैं और साथ ही नेटवर्क की भी समस्या बाधित रहती है। ऐसी स्थिति में शिक्षक अपने कार्य क्षेत्र में उपस्थित होते हुए तकनीकी खामियों के कारण अनुपस्थित माना जाएगा। इस दौरान सुनीता तिवारी,अजय कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह,आनंद कुमार पांडेय, विनोद सिंह, बलराम पाठक,भूपेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह यादव,रामविलास, विवेकानंद दुबे,संजय कुमार सिंह यादव,सुधीर सिंह, वीरेंद्र मोहन सिंह, राकेश त्रिपाठी, संजय सिंह शक्ति, अजय सिंह,सपना, राजकुमार जायसवाल, जयकुमार,आनंद मिश्र, संजय कुमार सिंह, नवीन सिंह उपस्थित रहे।

### शिक्षकों ने मशाल जुलूस निकालकर एनपीएस घोटाले की जांच की मांग की



**चंदौली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की ओर से बुधवार को विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जहां सरकार के विरोध में शिक्षकों ने मशाल जुलूस निकाला और जमकर नारेबाजी की। चेतावनी देते हुए कहा कि शिक्षकों की मांगों को तत्काल पूरा किया जाए और एनपीएस घोटाले की जांच कर दोषियों खिलाफ कार्रवाई की जाए। मशाल जुलूस निकालकर शिक्षक जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जहां पर मांगों संबंधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि प्रदेश सरकार हमारी मांगों के प्रति गंभीर नहीं है। इसके बाबत शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन व अन्य माध्यम से सरकार को अवगत कराया, लेकिन आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार शिक्षकों की मांगों के प्रति गंभीर नहीं है। कहा कि एनपीएस घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और इसमें जो भी दोषी हो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि शिक्षकों को न्याय मिल सके। तदर्थ शिक्षकों की भी तत्काल बहाली की जाए।इस दौरान रामविलास पांडेय, कृपाशंकर सिंह, छोटेलाल यादव,अमरेंद्र कुमार,जितेंद्र सिंह,बांके सिंह,दिनेश कुमार,डॉ किशोरी लाल, वीरेंद्र कुमार सिंह,रामविलास, अखिलेश सिंह,शिवनारायण प्रसाद,योगेश सिंह,संजीव सिंह,प्रदीप कुमार, श्रीप्रकाश मिश्र उपस्थित रहे।

### हॉकी खिलाड़ियों ने शुरू किया आमरण अनशन

**बलिया।** इंटर जोनल प्रतियोगिता में हॉकी टीम को न भेजे जाने पर हॉकी खिलाड़ियों ने बुधवार की दोपहर बसंतपुर स्थित जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में आमरण अनशन पर बैठ गए। इस दौरान खिलाड़ियों ने बताया कि हॉकी खेल के प्रति जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय का रवैया उदासीन है। हॉकी खिलाड़ी रेयाज अहमद ने आत्मदाह करने की चेतावनी दी। इस दौराल कुलपति को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में जिक्र किया कि हम सभी हॉकी खिलाड़ी जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के छात्र है। वर्तमान सरकार की अंतर विश्वविद्यालयी हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन आगामी पांच दिसंबर से दस दिसंबर तक संबलपुर विश्वविद्यालय ओड़िसा में किया जा रहा है। लेकिन इस प्रतियोगिता में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की हॉकी टीम की प्रतिभागिता हेतु अद्यतन कोई निर्णय नहीं लिया गया है। विगत सत्र में भी राष्ट्रीय खेल हॉकी के साथ पूर्वाग्रहवश सौतेला व्यवहार किया जाता रहा है,ऐसे में हम हॉकी खिलाड़ियों का भविष्य अंधकारमय है। ऐसे में यदि हम हॉकी खिलाड़ियों को जल्द से जल्द ओड़िसा नहीं भेजा जाता है तो वे आत्मदाह करने के लिए बाध्य होंगे।

### माध्यमिक शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**बलिया।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर शिक्षकों ने अपनी मांगों के समर्थन में मशाल जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षक संघ एक दिसंबर को विधान सभा के घेराव का कार्यक्रम रखा है, जिसमें जिले से सैकड़ों शिक्षक जायेंगे। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में अद्यतन कार्यरत तदर्थ शिक्षकों को विनियमित किया जाय और 9 नवम्बर 2023 को जारी आदेश वापस लिया जाय। पुरानी पेंशन योजना पुनः बहाल किया जाय। वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को सम्मान जनक मानदेय दिया जाय। एनपीएस के घोटाले की सीबीआई जांच कराई जाय।

## खबरें फटाफट

### रोजगार मेले का आयोजन 01 को

**मऊ।** जिला सेवायोजन कार्यालय, रा०औ०प्र० संस्थान एवं कौशल विकाश मिशन मऊ के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने के उद्देश्य से 01 दिसम्बर को प्रातः 10:30 बजे से रोजगार मेले का आयोजन राजकीय आई०टी०आई० सहादतपुरा मऊ के परिसर में किया जा रहा है। इसमें निजी क्षेत्र की महामाया विकास गार्मेन्टस, गोल्डमाइन्स इण्डिया प्रालि, ब्राइट फ्यूचर एण्ड हर्बल्स प्रालि, पशुपतिनाथ बायो टेक्नोलाजी प्रालि, प्रेरणा इनोवेटिव सोलूशन प्रा०लि, टीमलीज सर्विसेज तथा विदेश में हेल्पर, क्लीनर, सिक्योरिटी गार्ड, एसी टेक्निशियन, इलेक्ट्रीशियन समेत कई कंपनियां शामिल हो रही हैं।

### बलात्कार व पाक्सो एक्ट के आरोपी को आजीवन कारावास

**बलिया।** बलात्कार व पाक्सो एक्ट के आरोपी को सिविल कोर्ट स्थित अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दोषी करार देते हुए बुधवार की दोपहर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 56 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपी हर्ष कमल सिंह पुत्र जनार्दन सिंह हरपुर नई बस्ती का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ आज से करीब चार वर्ष पूर्व खेजुरी थाने में नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत करने के बाद साक्ष्यों के न्यायिक ?परिसीलन करने के उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। इसके बाद आरोपी हर्ष कमल सिंह पुत्र जनार्दन सिंह निवासी हरपुर नई बस्ती को अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 56 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### पुरानी पेंशन को लेकर तख्ता पलट करने की चेतावनी

**बलिया।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के पदाधिकारियों ने बुधवार की को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस मौके पर समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष राम प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकारें पुरानी पेंशन पर दोहरी नीति के अंतर्गत कार्य कर रही है, क्योंकि कोई भी जनप्रति?निधि जो 2004—05 से चुनाव जीकर सदन पहुंचते हैं। पेंशन लेने का कार्य कर रहे हैं। उन्हें भी अपने 2024 के चुनाव के घोषणा पत्र में जारी करना चाहिए कि वे अब किसी भी जनप्रतिनिधि को पेंशन नहीं देंगे। चेतावनी दिया कि यदि केंद्र की सरकार और प्रदेश की सरकार हम कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नहीं दिए तो हम कर्मचारी इस सरकारों के तख्ता पलट होने तक आंदोलन करते रहेंगे। रैली में मुख्य रूप से रेनू शर्मा, श्वेता मिश्रा, अनिल सिंह, विमला भारती, शिवजी राम, राजेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## बलिया जिला अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार की खुली कलई

# मरीजों से पैसा ऐंठने के आरोप में महिला को पुलिस ने पकड़ा

केटी न्यूज/बलिया

जिला अस्पताल में बुधवार की सुबह 11 बजे उस समय हंगामा मच गया, जब बाहर से अल्ट्रासाउंड कराने के आरोप में एक महिला को अस्पताल स्थित चौकी की पुलिस ने पकड़ लिया। उपस्थित लोगों ने बताया कि महिला आए दिन जिला अस्पताल में आ रहे मरीजों को बहला-फुसलाकर बाहर ले जाती है फिर अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे के नाम पर पैसा ऐंठती है। उधर इस संबंध में सीएमएस एसके यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जिला अस्पताल भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। आए दिन जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवा लिखे जाने की शिकायत मिलती रहती है। इस बीच बुधवार को एक बार फिर जिला अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार की कलई खुल गई। जब पुलिस ने एक महिला मरीज के आरोप पर बाहर से अल्ट्रासाउंड कराने वाली महिला को पकड़ लिया। हालांकि बाद में समझौता हो गया और पीड़ित महिला के साथ-साथ तथाकथित दलाल महिला भी चली गई।

अब तक तो शिकायत सिर्फ यही मिल रही थी कि जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक ही सिर्फ बाहर की दवाएं लिखते हैं और उसे बाहर के चिह्नित दुकानों से दिलवाने का काम दलाल करते हैं। लेकिन बुधवार की घटना के बाद स्पष्ट हो गया कि डॉक्टर के साथ-साथ अस्पताल में तैनात पुलिसकर्मी भी इन तथाकथित दलालों के साथ मिले हुए हैं। तभी तो शिकायत के बाद तथाकथित महिला दलाल को पकड़ने के बावजूद पुलिस ने छोड़ दिया। इस मामले में सीएमएस ने कहा कि मामले की जानकारी हैं, लेकिन लिखित शिकायत नहीं मिली है। यदि लिखित शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।



आरोपी महिला।

### सरयू नदी में डूबी युवती का अब तक नहीं चल पाया पता

**सिकन्दरपुर।** थाना क्षेत्र के कठौड़ा गांव निवासी 20 वर्षीय युवती सरयू नदी में डूब गई है। काफी तलाश के बावजूद दूसरे दिन भी उसका पता नहीं चल पाया। जानकारी के अनुसार कठौड़ा निवासी सोनी पटेल पुत्री विजय प्रताप पटेल गांव में लोगों के यहां बर्तन साफ करने का काम करती थी। मंगलवार को वह सरयु नदी के किनारे किसी कार्यवश गई हुई थी जहां पैर फिसल जाने के कारण नदी में गिर गई और डूब गई। उस के नदी में डूबने की खबर मिलते ही मौके पर ग्रामवासियों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई थी।इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दुर्घटना के बारे में सूचना दे दी गई।सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष सिकन्दरपुर दिनेश पाठक कुछ देर में ही फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गांव वालों की मदद से उसकी तलाश जारी कर दिए काफी तलाश के बाद भी युवती का पता नही चला। दूसरे दिन फिर थानाध्यक्ष स्टीमर द्वारा ग्रामीणों व स्थानीय नाविक व गोताखोरों के सहयोग से नदी के किनारे व घाटों पर निरंतर भ्रमणशील कर तलाश करते रहे मगर दूसरे दिन भी युवती का शव नहीं मिल पाया है।



### अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त की बाबासाहेब की प्रतिमा, बवाल

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के खड़ौरा गांव में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा ईट और पत्थर से अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। एक पत्थर से किसी ने उंगली,हाथ मे लिए हुए बुक,आँख,सीने के पास के पास क्षतिग्रस्त मिली। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इक्कठा हो गई। सूचना मिलते ही भीम आर्मी मण्डल महासचिव विकास कुमार, मण्डल उपाध्यक्ष दिनेश बौद्ध, भीम राम, हरी लाल राम सहित अन्य लोग प्रतिमा के पास धरना पर बैठ पुलिस के खिलाफ नारे लगाने लगे। तत्काल उपजिलाधिकारी कमलेश सिंह ने पहुचकर लोगों से एफआईआर करने को कहा। ग्रामीण और भीम आर्मी मडल महासचिव विकास राव ने कहा कि यह चौथी बार संविधान निमार्ता बाबा साहेब को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर अपमान किया है। इसके पूर्व 22जनवरी 2023 को भी प्रतिमा क्षतिग्रस्त की गई थी। जिसमे एसडीएम ने कई आश्वासन दिए थे। ग्रामीण तत्काल नई प्रतिमा लगाने और दोषियों पर कार्रवाई को लेकर धरना पर बैठे रहे।

### मऊ के विभिन्न अस्पतालों के मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण

**मऊ।** जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में आज जनपद स्थित हास्पिटलों के परिसर में स्थापित मेडिकल स्टोरों के औचक निरीक्षण की कार्यवाही की गयी। जिसमें ऋषि फामेर्सी (मंगलम क्लिनिक), निकट फातिमा चौराहा, चेरियन हास्पिटल, निकट जिला चिकित्सालय, गुप्ता फैक्कर क्लिनिक, निकट जिला चिकित्सालय में जांच के दौरान ऋषि फामेर्सी (मंगलम क्लिनिक), निकट फातिमा चौराहा से संदिग्ध औषधियों तथा फूड सप्लिमेंट के कुल 03 का नमूने संग्रहित किये गये। जांच रिपोर्ट को अग्रिम कार्यवाही हेतु सहायक आयुक्त (औषधि), आजमगढ मण्डल, आजमगढ़ को प्रेषित कर दिया गया। संग्रहित नमूनों की जांच रिपोर्ट आने पश्चात प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### बशर जी ने पूरी ज़िन्दगी सांसद की पेंशन को गरीबों को दान किया

**गाजीपुर।** जनपद कैम्प कार्यालय रजदेपुर में पूर्व सांसद मरहूम जैनुल बशर की 12वीं बरसीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के नईम प्रधान ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दूसरा जैनुल बशर अब नहीं पैदा होगा। बशर जी ने पूरी ज़िन्दगी सांसद की पेंशन को गरीबों, मजलूमों, विधवाओं को दान किया। वह गाजीपुर के कार्यकर्ताओं की शान थे। नईम प्रधान ने पुण्यतिथि के मौके पर विकलांग व्यक्तियों और महिलाओं को कम्बल वितरित किया।

### कुहांसे के कारण ट्रेनों की लेट लतीफी से बढ़ी यात्रियों की परेशानी

केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर

ठंड के शुरू होते ही ट्रेनों के परिचालन पर इसका असर दिखाई देने लगा है। ट्रेनों की लेटलतीफी शुरू हो गई है। अप और डाउन की ट्रेनें अत्य?धिक देरी से चली।जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय रेल ट्रेनों की गति तेज करने के लिए ट्रैक, सिग्नल, आरआरआई बदलने के साथ ही अन्य कार्य किए जा रहे हैं। वहीं यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने के रेल प्रशासन अग्रसर है। दूसरी तरफ ठंड की शुरूआत होते ही पूरा सिस्टम कोहरे के आगे फेल होता जा रहा है। हर वर्ष दिसंबर महीने से जनवरी के अंत तक दर्जनों ट्रेनों को निरस्त किया जाता है। बावजूद इसके ट्रेनों की टाइमिंग सुधर नहीं पाती है। इस वर्ष ठंड की शुरूआत हो चुकी है। ठंड की शुरूआत होते ही ट्रेनों की रफ्तार थमने लगी है। छठ पूजा स्पेशल सहित नियमित चलने वाली ट्रेनें घंटों देरी से चलीं। इससे सबसे अधिक परेशानी दूर दराज से ट्रेन पकड़ने आने वाले यात्रियों को हुई। उन्हें ठंड में ठिठुरते हुए ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। इस संबध में मंडल जनसंपर्क ?अ?धिकारी दीपक कुमार ने बताया कि ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन महत्वपूर्ण है। ठंड में ट्रेन समय से चले इसके लिए पूरे उपाय किए जाएंगे। मंगलवार की शाम ट्रेनें लेट चली।

### सदर इंस्पेक्टर की पहल रंग लाई, कचहरी पर जाम के झाम से मिलेगी मुक्ति, एसपी-सीओ ने किया निरीक्षण

केटी न्यूज/चंदौली



जिला मुख्यालय स्थित सदर कचहरी के पास जाम के झाम से मुक्ति दिलाने के लिए इंस्पेक्टर गगन राज सिंह का सार्थक प्रयास रंग लाता दिख रहा है। वर्षों से बनी जाम की समस्या को खत्म करने को थाना प्रभारी ने अधिवक्ताओं से सामंजस्य बैठाकर पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने निर्देश पर अलग से पार्किंग की व्यवस्था करा दी है।इससे लोगों को जाम की समस्या से जूझना नही पड़ेगा, लेकिन पुलिस की यह व्यवस्था कितना कारगर होगी यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। बताते हैं कि सदर कचहरी पर पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण अधिवक्ता,वादकारी व कचहरी के काम से आए लोगो को मजबूरन सर्विस रोड पर वाहनों को खड़ा करना पड़ता था। जबकि सर्विस रोड दोनो तरफ से वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। नगर के सर्विस रोड पर वाहन खड़ा करने से वाहनों का आवागमन ठप हो जाता था।जिससे वहा जाम की समस्या बनी रहती रहती थी।सदर थाना प्रभारी गगन राज सिंह इस समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रयास करने लगे। अधिवक्ताओं से सामंजस्य बैठाकर वहां अलग से वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था करा दी। इस नई व्यवस्था के अनुपालन कराए जाने के क्रम में खुद भी मौके पर पहुँचे और व्यवस्था का जायजा लिया।

## युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

# युवा उत्सव में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा, विजयी प्रतिभागी सम्मानित

केटी न्यूज/मऊ



युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल जनपद मऊ के तत्वावधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक लोकगीत, सोनल ग्रुप प्रथम, समूह लोक नृत्य में रीमा यादव ग्रुप प्रथम, एकल लोकगीत में अनु चौहान प्रथम, फोटोग्राफी में खुशी वर्मा प्रथम, प्रगति सिंह द्वितीय, सोनम मौर्य तृतीय, पोस्टर प्रतियोगिता में विकास प्रथम, श्रवण वर्मा द्वितीय, विशाल वर्मा तृतीय, शब्द पंडित में प्रगति सिंह प्रथम, खुशी मद्देशिया द्वितीय, शिवांगी सिंह तृतीय, कहानी लेखन में खुशी प्रथम, प्रेमलता द्वितीय, सानिया परवीन तृतीया, लोक नृत्य एकल में अंजलि कश्यप प्रथम, सोनल द्वितीय, हर्षित तृतीय, लोकगीत एकल में अनु चौहान प्रथम, रुचि त्रिपाठी द्वितीय, सचिन भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों को प्रतिभा अर्पित उपाध्याय मंडल उपाध्यक्ष भाजपा द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में नरेंद्र तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता, ओम प्रकाश मिश्रा सेवानिवृत्ति लेखाकार नेहरू युवा केंद्र मऊ, एवं प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी विनु कुमार सिंह, मनबोध सिंह, रंजन कुमार यादव, आशीष कुमार गुप्ता, राणा प्रताप सरोज, सभी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, चौधरी सर्वेश सिंह, शिवमोहन सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। युवा उत्सव में सभी विधाओं में विजयी प्रतिभागियों को मंडल स्तर पर जनपद आजमगढ़ में 3 दिसंबर 2023 को प्रतिभा कराना है।

